Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding stray cattle menace in Banda Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : महोदया, मैं सदन का ध्यान बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।…(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र में बांदा-चित्रकूट सहित पूरे बुन्देलखण्ड में और अब तो पूरे देश में अन्ना जानवरों की विकराल समस्या फैल रही है।…(व्यवधान) अन्ना जानवर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।…(व्यवधान) सरकार ने किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए तमाम योजनाएं लागू कीं, लेकिन अन्ना जानवरों के द्वारा किसानों की पूरी फसलें चरी जा रही हैं।…(व्यवधान) इस वजह से किसानों की लागत और मेहनत बर्बाद हो रही है।…(व्यवधान)

महोदया, मैं आपके माध्यम से यहाँ एक चीज और बताना चाहता हूँ कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार ने मिलकर के कुछ जगह पशु आश्रय गृह और कान्हा गौशाला बनाने के लिए कुछ बजट आदि भेजा था।…(व्यवधान) कार्यदायी संस्थाओं की लापरवाही की वजह से वह बजट वहाँ नहीं लग पा रहा है।…(व्यवधान) इसमें बहुत देरी हो रही है।…(व्यवधान) अब वर्तमान में हमारे सामने रबी की फसल को बचाने की गंभीर चुनौती है।…(व्यवधान)

केन्द्र सरकार के पैसे से, बुन्देलखण्ड पैकेज से मेरे बुन्देलखण्ड में और मेरे संसदीय क्षेत्र में मंडी समितियों को बनाने के लिए पैसा गया था और वहाँ पर मंडी समितियाँ बनी पड़ी हैं।…(व्यवधान) वहाँ पूरी सुविधाएं हैं।…(व्यवधान) मेरा सुझाव है कि तत्काल रूप से इस आपात स्थिति और इस गंभीर समस्या को देखते हुए पूरे बुन्देलखण्ड और मेरे संसदीय क्षेत्र में उन मंडी समितियों में अस्थायी गौशालाएं अविलम्ब खोली जाएं।…(व्यवधान) वहाँ पर बजट एलॉट करके उन जानवरों के चारे-पानी आदि का प्रबन्ध कराया जाए।…(व्यवधान)

महोदया, मैं एक बात और कहकर अपनी बात को विराम दूँगा।…(व्यवधान) वहाँ अभी कुछ लोगों ने, ग्राम प्रधानों व अन्य ग्रामवासियों ने मिलकर अस्थायी रूप से कुछ जानवरों को जगह-जगह बंद कर रखा है।…(व्यवधान) वे जानवर किसानों की बहुत फसल चर रहे थे और फसलों को नुकसान पहुँचा रहे थे।…(व्यवधान) ठंड के कारण वे जानवर मर रहे हैं।…(व्यवधान) उनके लिए चारा-पानी की व्यवस्था नहीं है।…(व्यवधान) इसके लिए भी राज्य सरकार से बात करके अविलम्ब उन जानवरों के लिए छाया, चारे और पानी की व्यवस्था की जाए, जिससे इस समस्या का निदान हो सके।…(व्यवधान) बहुत-बहुत धन्यवाद।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री गणेश सिंह,

श्री मुकेश राजपूत,

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।